## शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में विशाल जागरूकता रैली एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत दिलाई सामूहिक शपथ

**जागरण नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत जिले में युवाओं को नशे से दूर रखने हेतु नशा से दूरी है जरूरी 2.0 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार चौकसे के मार्गदर्शन में हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ. कमल बाधवा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।



कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुनील कुमार दिवाकर ने बताया कि इस अभियान में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि तम्बाकू, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थ युवाओं के भविष्य और देश के विकास में सबसे बड़े बाधक हैं। नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत 2047 का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में रैली प्रभारी राष्ट्री कैडेट कोर से लेफ्टिनेंट डॉ संतोष कुमार अहिरवार, महिला विंग अधिकारी डॉ यास्मीन खान एवं रासेयो की महिला विंग अधिकारी डॉ. ईरा वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान नशे के दुष्प्रभाव, स्वास्थ्य संबंधी नुकसान एवं नशा छोड़ने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। युवाओं ने नशा न करने की शपथ ली। इसके पश्चात महाविद्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में डॉ राजीव द्विवेदी, नित्या पटरिया, शबनम कुरैशी, प्रज्ञा भट्ट, अमीर कुरैशी, साहिल तिलोटिया, धर्मेंद्र कटारे, ध्रुव यादव, वेदांत दीक्षित, रोहन राजवंशी, नीलेश, राष्ट्रीय कैडेट कोर खुशी चौहान, रानू उइके, सोनम सेलूकर, आशीष रैकवार, हर्ष अहिरवार, अयांश सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 21-07-2026

# नर्मदा कॉलेज में निकाली जागरूकता रैली

नर्मदापुरम| शासकीय नर्मदा महाविद्यालय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत "नशा से दूरी है जरूरी 2.0" जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्राचार्य डॉ. रामकुमार चौकसे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ. कमल बाधवा ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली रवाना की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुनील कुमार दिवाकर ने बताया कि अभियान में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभाव, स्वास्थ्य नुकसान और नशा छोड़ने के उपायों पर चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने नशा न करने की शपथ ली और परिसर से रैली निकाली। कार्यक्रम में डॉ. राजीव द्विवेदी, नित्या पटरिया, शबनम कुरैशी, प्रज्ञा भट्ट, अमीर कुरैशी, साहिल तिलोटिया, धर्मेंद्र कटारे, ध्रुव यादव, वेदांत दीक्षित, रोहन राजवंशी, नीलेश, राष्ट्रीय कैडेट कोर की खुशी चौहान, रानू उइके, सोनम सेलूकर, आशीष रैकवार, हर्ष अहिरवार, अयांश सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


कोटि-कोटि कण्ठ कल-
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
के बॉले माँ तुमि अबले,
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीम्,
रिपुदलवारिणीं मातरम्। वन्दे मातरम् ।।3।।
राष्ट्रीय सेवा योजना
नशे से दूरी है जरूरी 2.0
"नशा मुक्त भारत अभियान"
15 जुलाई से 30 जुलाई


पं. रामलालजी



दैनिक भास्कर 18
नर्मदापुरम, बुधवार, 22 जुलाई, 2026

# नर्मदा कॉलेज: नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक



**नर्मदापुरम|** पीएमश्री नर्मदा कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान और तंबाकू मुक्त परिसर कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक हुआ। आयोजन प्राचार्य डॉ. रामकुमार चौकसे के निर्देशन, प्रभारी प्राचार्य डॉ. कमल वाधवा ने मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय के एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए नशे के दुष्प्रभाव दिखाए। कार्यक्रम में डॉ. सुनील कुमार दिवाकर, यास्मीन खान, डॉ. संतोष अहिरवार उपस्थित रहे। प्रतिभागियों में धर्मेंद्र कटारे, रोहन, वेदांत दीक्षित, खुशी चौहान, नितिशा भलावी, आशीष रैकवार शामिल रहे। अन्य विद्यार्थी भी जुड़े।